दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 320 मुरादाबाद 23 March 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## बंगाल बीजेपी नेताओं ने बीरभूम सामूहिक हत्याकांड पर सीएम ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा, गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



कोलकाता, ऑनलाइन डेस्क- बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बालूरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार सहित अन्य सांसदों ने आज मंगलवार ( 22 मार्च ) को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बंगाल भाजपा के नेताओं ने बीरभूम जिले के रामपुरहाट में 10 लोगों के जिंदा जलाने की घटना पर चिंता जताते हुए गृह मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की । इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन भी सौंपा। सुकांत मजूमदार ने मुलाकात के बाद मीडिया से कहा कि गृह मंत्री ने हमें आश्वासन दिया है कि बीरभूम में सामूहिक हत्याकांड की घटना पर 72 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगी जाएगी। इसके बाद एक केंद्रीय टीम बंगाल में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति की समीक्षा करेगी।

मजूमदार ने कहा है कि बंगाल की सीएम ममता बनर्जी हैं। उन्हें इस भयानक हिंसा और अराजकता के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। आगे कहा कि ममता बनर्जी से बंगाल की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही। उन्हें इस घटना के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए। उधर बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है। कहा है बीरभूम के रामपुरहाट की हिंसा दर्शाती है कि बंगाल में आतंक व अराजकता की संस्कृति है।

## अखिलेश यादव और आजम खां का लोकसभा से इस्तीफा, सपा की विधानसभा में मजबूत विपक्ष देने की तैयारी

लखनऊ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तमाम कयासों के विपरीत काम किया है। आज उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ ही आजम खां ने भी रामपुर लोकसभा सीट छोड़ दी है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मंगलवार दोपहर लोकसभा पहुंचे, यहां उन्होंने स्पीकर ओम बिरला से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। आजमगढ़ तथा रामपुर को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। अब आजमगढ़ के साथ रामपुर में लोकसभा का उप चुनाव होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पांच में से दो सांसदों के इस्तीफा देने के बाद लोकसभा में उनका संख्या बल कम हो जाएगा। अखिलेश तथा आजम खां के इस्तीफा दे देने के बाद अब 2024 से पहले उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ तथा रामपुर में लोकसभा के उप चुनाव होंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा सदस्य के पद से इस्तीफा देकर एक तीर से कई निशाने साधे हैं। वह अब 26 मार्च को होने वाली समाजवादी पार्टी के विधायक दल की बैठक में निर्विरोध



नेता चुने जाएंगे। इसके साथ ही विधानसभा में भी वह भाजपा को कड़ी चुनौती पेश करेंगे। माना जा रहा है कि विधान परिषद के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी, ऐसे में अखिलेश यादव और आजम खां के इस कदम से समाजवादी पार्टी को विधानसभा में मजबूती मिलेगी। अखिलेश यादव ने यह फैसला पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं के अलावा समाज के अलग-अलग लोगों से मिलकर उनकी राय से लिया है। अब सीधे तौर अखिलेश यादव विधानसभा के साथ-साथ सड़क पर भी जनता की आवाज खुलकर उठा सकते हैं। अखिलेश अब करहल विधानसभा से सदस्य बने रहेंगे। अखिलेश यादव विधान सभा का सदस्य रहते हुए विपक्ष की भूमिका मजबूती से निभाएंगे।अखिलेश यादव ने पहली बार यूपी विधानसभा चुनाव में करहल सीट से किस्मत आजमाई थी। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को 67 हजार 504 वोट के अंतर से शिकस्त दी थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पहली बार सदस्य बने अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधानसभा का चुनाव जीता था। सीट के छोड़ने के सवाल पर यहां पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा था कि यह पार्टी नेताओं के साथ बैठक करके तय किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मीडिया से ही सवाल कर लिया था कि आप बताइए मैं क्या करूं?' उन्होंने कहा था कि नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी राय बता दी, अब आगे का फैसला पार्टी तय करेगी। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के साथ ही पार्टी के संस्थापक सीतापुर जेल में बंद आजम खां ने भी रामपुर के लोकसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है। वह भी विधायक बने रहेंगे।

## 2024 तक होंगी US जैसी सड़कें, 60KM में सिर्फ एक टोल प्लाजा;

## नितिन गडकरी ने बताया भारत का रोडमैप



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारत में 2024 तक अमेरिका जैसी सड़कें होंगी। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि देश में 60 किलोमीटर में केवल एक टोल प्लाजा होगा और अगर इसके बीच में कोई है भी तो उसे तीन महीने के अंदर बंद कर दिया जाएगा। लोकसभा में केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, "हम उन स्थानीय लोगों को पास प्रदान करेंगे जिनके पास आधार कार्ड हैं और जो टोल प्लाजा के पास रहते हैं। इसके अलावा, मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि 60 किलोमीटर के भीतर केवल एक टोल प्लाजा होगा और यदि दूसरा टोल प्लाजा है, तो इसे अगले 3 महीनों में बंद कर दिया जाएगा।" केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री ने आगे कहा, "हमने यह अनिवार्य कर दिया है कि 8 यात्रियों तक ले जाने वाली प्रत्येक कार में 6 एयरबैग होने चाहिए। इसको लेकर ऑटोमोबाइल उद्योग ने खर्च बढ़ने की शिकायत की है। लेकिन हम गरीब उपभोक्ताओं के जीवन की कीमत पर अमीरों को संरक्षण नहीं देंगे।" राजमार्ग कनेक्टिविटी और सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार पर प्रकाश डालते हुए, गडकरी ने कहा कि अब दिल्ली से मेरठ की यात्रा करने में चार घंटे पहले की तुलना में केवल 40 मिनट लगते हैं। आत्मनिर्भर, सुखी, समृद्ध और संपन्न भारत बनाने के मोदी सरकार के संकल्प के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए केंद्रीय सड़क, राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 2024 तक भारत का सड़क आधारभूत ढांचा अमेरिका के बराबर हो जायेगा जिससे विकास एवं आर्थिक वृद्धि होगी तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। गडकरी ने कहा कि हम जम्मू कश्मीर में 60 हजार करोड़ रुपये की परियोजना पर काम कर रहे हैं तथा जोजिला सुरंग वर्ष 2026 के लक्ष्य के बजाय 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक हमारा प्रयास उस परियोजना को पूरा करने की है जिससे श्रीनगर से 20 घंटे में मुंबई पहुंचा जा सके। सड़क आधारभूत ढांचे के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि सरकार कई अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही है जिससे दिल्ली से जयपुर, हरिद्वार और देहरादून दो घंटे में पहुंचा जा सकेगा। गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने और सड़क आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिये 62 हजार करोड़ रूपये की परियोजना पर काम चल रहा है। लोकसभा में वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी में लगने वाले जाम का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार से उन्हें और अन्य लोगों को पहले यहां हवाई अड्डा जाने और वहां से आने के क्रम में धौलाकुआं में यातायात जाम का सामना करना पड़ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलाव और हरित ईंधन के चलते इलेक्ट्रिक वाहनों ( ईवी ) की कीमत में कमी आएगी तथा अगले दो साल में इनकी कीमत पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों के बराबर होगी। गडकरी ने यह भी कहा कि किफायती और स्वदेशी ईंधन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि इस तरह का ईंधन जल्द ही वास्तविकता बनेगा और प्रदूषण पर नियंत्रण होगा। केंद्रीय मंत्री ने सांसदों से कहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्रों में सीवेज के पानी का उपयोग करके ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए पहल करें।

## घटिया सामग्री से कराया जा रहा नाला निर्माण का कार्य, जिम्मेदार मौन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -मानकों की अनदेखी और भ्रष्टाचार का नजारा देखना है तो आपको कही और जाने की जरूरत नहीं है। बस गिलौला ब्लॉक के चेतिया मुरार में जाइए।

जहां कराए जा रहे नाला निर्माण में जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खुलेआम पीली ईंट व घटिया किस्म के बने मसालों से नाला निर्माण किया जा रहा है। जिम्मेदार मामले से अनजान बने हुए है। गिलौला ब्लॉक के चेतिया मुरार में मानक के विपरीत नाला निर्माण में धांधली की जा रही है। नाला निर्माण में खराब सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है वहीं जुड़ाई में मानकों के विपरीत मसाले का भी प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में यह नाला कितने दिन चलेगा, यह तो भगवान ही जाने। सूत्रों की माने तो नाला निर्माण का कार्य मनरेगा से कराया जा रहा है। बावजूद इसके ग्राम प्रधान सब कुछ हड़पने की नीयत से गलत और घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग कर रहे है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डी डी आर सी की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती -दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु यू0डी0आई0डी0, लोकल लेवल कमेटी एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द (डी0डी0आर0सी0) योजनायें जिला स्तर पर संचालित हैं। उक्त योजनाओं में प्रगति हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सचिव रेड क्रास सोसाइटी, श्रावस्ती (भिनगा) को योजनाओं की निरन्तर समीक्षा व समन्वय करते हुए अपेक्षित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गये।उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के उत्थान हेतु भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से सभी दिव्यांग जनों को पूरी पारदर्शिता के साथ लाभान्वित किया जाय और यह भी ध्यान रखा जाय कि जिले का कोई भी दिव्यांग जन सरकार की योजनाओं से अछूता न रह जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वी के तिवारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह,परियोजना निदेशक ,जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं जिला समन्वयक डॉ राजकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## ई-केवाईसी नहीं कराया तो नहीं मिलेगी सम्मान निधि

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त अब तभी मिलेगी जब आप ई-केवाईसी कराएंगे। अगर आपने यह प्रक्रिया पूरी नही की तो अप्रैल में मिलने वाली किस्त से आप वंचित हो सकते हैं। उप कृषि निदेशक कमल कटियार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सभी किसान पीएम किसान पोर्टल पर जल्दी से अपने पीएम किसान पंजीकरण का ई-केवाईसी करा लें। उन्होंने बताया कि नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर या खुद अपने मोबाइल से यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती हैं। जिन किसानों के मोबाइल नंबर आधार पंजीकृत हैं। वे अपने मोबाइल अथवा कंप्यूटर से ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया अपना सकते हैं। जिन किसानों के मोबाइल नंबर आधार पंजीकृत नहीं हैं अथवा सत्यापन करते समय ओटीपी नहीं आ रहा है। वे जनसेवा केंद्र पर जाकर बायोमैट्रिक सत्यापन करा लें। इसके साथ ही किसान भाई बैंक में जाकर अपने बैंक खाते को आधार व एनपीसीआईए से भी लिंक करा लें। अगर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र पूरी प्रक्रिया पहले से किए रहेंगे तो उन्हें अप्रैल माह में मिलने वाली किस्त में कोई दिक्कत नही होगी।

## 40 लीटर कच्ची शराब के साथ खटीमा पुलिस ने 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर महोदय के अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी मझोला थाना खटीमा पुलिस द्वारा आज दिनांक 22.03.2022 को अभियुक्त सुखदेव सिंह पुत्र सतवंत सिंह निवासी ग्राम रघुलिया चौकी मझोला थाना खटीमा उम्र 31 वर्ष के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक के जरीकेन के अंदर लगभग 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया उपरोक्त के विरुद्ध थाना खटीमा में धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम1. कांस्टेबल कुलदीप सिंह 2.कांस्टेबल त्रिभुवन पडलिया

## अवैध तमंचे के साथ रुद्रपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध असलहों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में रुद्रपुर पुलिस द्वारा दिनांक अभियुक्त इंदल कुमार पुत्र रोशनलाल निवासी ग्राम पक्की खमरिया थाना रुद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर को एक तमंचा 315 बोर में एक अदद कारतूस 315 बोर जिंदा के गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।


## राजकीय महिला महाविद्यालय बांदा में पुनः शुरू हुआ टेबलेट वा स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा के राजकीय महिला महाविद्यालय में पी जी फाइनल की छात्राओं को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से200 छात्रों को लखनऊ में वितरित किए गए थे। इसी क्रम में बांदा में भी एक हजार टेबलेट वा एक हजार स्मार्ट फोन वितरण के लिए आए थे। मगर अधिसूचना जारी होने वा अन्य प्रोसेस के चलते वितरण कार्य धीमा रहा। आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांदा की प्राचार्य ने बताया है कि इस कालेज में एम ए फाइनल में कुल 225 छात्राए एनरोल्ड है जिसमे अभी कुल 80 छात्राओं को ही टेबलेट वा स्मार्ट फोन वितरण किया जा रहा है जिनके जिनके सूची में नाम दर्ज हैं। कल स्मार्ट फोन वितरण किए जायेगे। इसी तरह हर विद्यालय में भी चयनित छात्र छात्राओं को टेबलेट वा स्मार्ट दिए जायेगे।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजकीय महिला विद्यालय में गठितयूथ फ्रेंडली क्लब के अंतर्गत 25 पीयर एजुकेटर के दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। पीयर एजुकेटर अपनेआस-पास के अन्य किशोर-किशोरियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लायेंगे। प्राचार्य डा. दीपाली गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य के प्रति प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण के बाद अन्य साथियों को भी जागरूक करेंगे। इसके बाद यह लोग अपने आसपास के लोगों को स्वास्थ्य व स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताएंगे , जिससे कि आमजन में स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार ने बताया कि सिफ्सा के सहयोग से चलाए जा रहे

## तेज रफ्तार बालू से ओवर लोड ट्रैक में बिजली के खंभे में मारी टक्कर रोड हुई जाम



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा शहर के अलीगंज पुलिस चौकी अंतर्गत खूंटी चौराहे के समीप रात दो बजे के लगभग तेज रफ्तार बालू भरे ओवर लोड ट्रक ने अपना संतुलन खोते हुए बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मारते हुए पास लगे पेड़ में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी की खंभे में लगी रस्सा केबिल तक टूट गई जिसके चलते मुहल्ले वासियों को पानी नही मिल सका। आज सुबह से ही इस ट्रक को निकालने में दो भारी भरकम मशीनों का सहारे घंटो बाद ट्रक को हटाते हुए रास्ता खुलवाया गया।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विजेताओं की घोषणा की गयी

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 18 जनवरी को आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके अन्तर्गत निर्धारित तिथि 24 जनवरी, 2022 तक 5 प्रतिभागियों द्वारा निबन्ध प्रस्तुत किया गया।य, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ0 एमसी जोशी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ0 आशुतोष पंत व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी जीएस धामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विजेताओं को जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रूद्रपुर के प्रो0 शर्मिला सक्सेना, प्रो0 शम्भु दत्त पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# मोबाइल फोन पाकर छात्र छात्राओं के खिले चेहरे




नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- डिलारी क्षेत्र के गांव पीलकपुर श्योराम में उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना डिजिटल शक्ति के तहत गिरन्द सिंह मेमोरियल पी जी डिग्री कॉलेज में छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन व टेबलेट वितरण किया गया
जिसे पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे मंगलवार को गिरन्द सिंह मेमोरियल पी जी डिग्री कॉलेज में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अमित कुमार शर्मा प्रबंधक मनोज कुमार चौहान द्वारा एम ए बीए बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरण किया गया महाविद्यालय के सचिव अमित कुमार शर्मा तथा कार्यक्रम का संचालन कर रहे नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत हितकारी है इससे निर्धन छात्र छात्राओं को भी ऑनलाइन पढ़ाई करने की सुविधा प्राप्त होगी मोबाइल पाकर खुश होते छात्र छात्राओं ने योगी सरकार का धन्यवाद किया

# स्वर्गीय डीआईजी जीवन चंद्र पांडे स्मृति पर फूल पुष्प अर्पित

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा-मंगलवार को स्वास्थ्य मैरिज हाल में श्री स्वर्गीय डीआईजी जीवन चंद पांडे की स्मृति पर फूल पुष्प अर्पित करते मित्रगण अधिकारीगण व पंडित परिवार के लोग, श्री स्वर्गीय डीआईजी जीवन चंद्र पांडे के कार्य कार्य श्रेणी की सराहना करते हुए सभी सम्मानित मित्रवर अधिकारीगण व कुशल विचार स्वर्गीय श्री डीआईजी जीवन चंद पांडे ठाकुरद्वारा क्षेत्र की मानी हुई शख्सियत व अपने डिपार्टमेंट की ईमानदारी लगन निष्ठा श्री पांडे जी ने जगह जगह ड्यूटी कार पुलिस डिपार्टमेंट का नाम तो रोशन किया ही लेकिन साथ साथ जहां भी आप ड्यूटी पर तैनात रहे वहां न्याय कोही सराहा न्याय पक्ष न्याय पक्षी बात कर न्याय को बढ़ावा हमेशा सही और गलत झूठ और सच को समझा निर्दोष पक्ष की मदद की दोषी पक्षों को उनके किए कारनामों की सजा दिला कर हमेशा पाप और पुण्य की मिसाल



कायम की सत्य का साथ दिया झूठ से गुरेज किया श्री स्वर्गीय जीवन चंद्र पांडे जी ठाकुरद्वारा के नाम से हर जिले हर क्षेत्र में जाने जाते थे आला अफसरों अधिकारी गणों व जनता के दिल में अपने सच्चे अभी ने केरियर से उनकी पहचान थी उनके नाम की आज भी पंडित परिवार में पहचान व उनकी कार्य श्रेणी की पूजा की जाती है ऐसी महान शख्सियत मिसाल बहुत कम नजर आती हैं हमेशा डीआईजी जीवन चंद्र पांडे ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के जिले के किसी भी हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी को एक समान समझा इंसानियत और मानवता को हमेशा ध्यान में रखा उनके पूज्य विचार आज भी यहां उनकी स्मृति फूल माला पुष्प अर्पित करते हुए सामाजिक मित्रवर अधिकारीगण पंडित धर्म के लोग उनके नाम की गाथा गाते नजर आए वे सभी ने उनकी स्मृति फूल पुष्प अर्पित करते हुए आंख नम व उनके कार्य शैली उच्च विचार की हकीकत दोहराते हुए सच्चाई से अपने कार्य पर चलने का व सच का साथ देने का संकल्प लिया

# कांठ में तीन हजार बच्चें परीक्षा से रहे गायब



मुरादाबाद-परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू की गई। इसके अंतर्गत तहसील क्षेत्र के 207 विद्यालयों में यह परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही हैं। मंगलवार को पहले दिन कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की सभी विषयों की परीक्षाएं मौखिक कराई गई जबकि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की कृषि विज्ञान कृषि खेल, शारीरिक शिक्षा और स्काउट की परीक्षाएं आयोजित कराई गई है। तहसील क्षेत्र के 207 प्राथमिक उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालयों में जानकारी के अनुसार लगभग 20600 बच्चों को परीक्षाएं देनी थी लेकिन 3000 से ज्यादा बच्चे गैरहाजिर बताए गए हैं।

# पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

मुरादाबाद-कांठ नगर स्थित देहली चिल्ड्रन एकेडमी में सत्र 2021-22 का परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी में प्रथम स्थान सादिक, वाणी पवार, एलकेजी में अबूजर, ललित सैनी, यूकेजी में उमेर, नैतिक, कक्षा एक में तमीमा व द्वितीय स्थान निक्की, कक्षा दो में रिदा व द्वितीय स्थान आरिज अंजुम, कक्षा तीन में अमीरा सैफी व द्वितीय स्थान एहतेशाम, कक्षा चार में अर्सलान व द्वितीय स्थान प्रत्यक्ष, कक्षा पांच में जिया व द्वितीय स्थान सोफिया, कक्षा छह में अफाजिल व द्वितीय स्थान हुमैरा, कक्षा सात में अलशिफा व द्वितीय स्थान अलकाफ, कक्षा आठ में मनस्वी व द्वितीय स्थान अफीफा आदि बच्चों ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में मौजूद विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई, प्रधानाचार्या वंदना गौड़, मैनेजिंग डायरेक्टर हिना कौसर ने छात्रों को पुरस्कृत व प्रशस्ति



पत्र प्रदान किया। विश्व जल दिवस पर जल बचाओ जीवन बचाओ के विषय पर भी विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। इस दौरान सारिका अंजुम, द्रक्षा, जवेरियां, श्वेता, सोफिया, प्रियांशी, सबा अर्शी, सामिया, महजबी, अफसाना, शोभित, जीवेंद्र आदि शिक्षक मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

# काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर मिनी ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, महिला की मौत

मुरादाबाद-काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक घायल हो गया। इसके बाद हाईवे पर जाम लग गया। उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर के टांडा उज्जैन वार्ड नंबर 6 निवासी महिला ललिता ठाकुर ( 32 वर्ष ) पत्नी ललित पवार काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पशुपति एक्रीलोन फैक्ट्री के निकट सड़क के किनारे खड़ी थी। जनपद रामपुर के खैरखाता निवासी प्रदीप पुत्र रामवीर वहां से गुजर रहा था। महिला ने काशीपुर जाने के लिए बाइक सवार से लिफ्ट ले ली। बाइक राज्य सीमा स्थित ढांडी नदी पुल पर पहुंची तो पीछे से आ रहे मिनी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

www.knlslive.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच



## संपादकीय Editorial

# Weather and water

Everyone is surprised, the weather has suddenly changed. The feeling of heat like April in March itself is not only a subject of study, but it is also a sign that we should also become more conscious of the changing weather than ever before. On Sunday, where the mercury crossed 40 degrees Celsius in Mumbai, it broke the 10-year record in Delhi. The minimum temperature in the capital was 21.2, which means, the need for warm clothes has suddenly ended. The fans are running fast, without them I feel helpless. According to scientists, at this time it was raining due to western disturbance, so cold air was destined, but this time the disturbance has not been seen.

The days are clearing up and the sun is starting to set. Since the walls of the houses are still cold, the heat is felt a little less, otherwise the temperature has left no stone unturned. Usually, the month of March receives up to eight mm of rain, but this month Delhi is yearning for rain. In the coming days of this month also, the Meteorological Department has predicted that the maximum and minimum mercury will remain more or less same. These days the minimum mercury should be up to 15 degree Celsius, but now it is moving closer to 20 degree Celsius. The scorching sun will hit and people will look for a place to hide their heads. This time of changing the weather can also be a time of various types of infection, so there is a need to be careful. The risk of seasonal diseases is also high because the level of pollution in the air is also high.

It is not that the heat is confined to a few areas, there is a lot of discussion about the sudden increase in heat from Rajasthan to Bihar. It is also worth noting that the temperature in Antarctica has been breaking records since last week. The temperature at this coldest place in the world has risen by 30 degrees Celsius above normal to minus 11 degrees Celsius. This had never happened in Antarctica, it has also caused concern among scientists. It is time to think deeply about the earth and natural resources.“The idea of ????weather is also interesting because today Water Day is also being celebrated in the world. As the temperature rises, so will the need for water.

Water also serves as an important remedy or medicine against pollution. It is no secret that we are facing the challenge of providing safe drinking water since last years. Whenever freshwater comes to mind, people think of rivers, wetlands, lakes or reservoirs. Many of us, while wasting water, do not even take into account that 97.5 percent of the total amount of water on earth is salt water and only 2.5 percent is fresh water. Of the freshwater, only 0.3 percent is in liquid form at the surface.

That's why people need to be told again and again that how important is water conservation in our world. Big cities are also yearning for drinking water. Even in our country, many cities do not have enough water to provide enough water to all the people they need. We have to concentrate our full attention on saving water around us, distant rivers or reservoirs will not work for long.

# Rubina Dilaik's desi style in floral saree, husband Abhinav Shukla gave such a reaction

Bigg Boss 14 winner Rubina Dilaik has a huge fan list on social media. The personality of Rubina Dilaik, who became a household name from Choti Bahu, was well-liked in Colors' controversial show Bigg Boss. From here on his fan list had increased a lot. Rubina Dilaik is one such television actress who carries every look very beautifully whether it is desi or western. Recently Rubina Dilaik shared many beautiful pictures on her Instagram, after seeing which Abhinav Shukla also reacted. Rubina Dilaik's desi style showing- She is looking very beautiful in the pictures that Rubina has shared on her Instagram. In these pictures, Boss Lady Rubina is wearing a white floral sari. With which he is wearing a shirt brow, which is covered from the back and tied from the front. With her sari look, Rubina Dilaik is wearing golden colored earrings and necklace around her neck. With this, she has ponytailed her hair and has put a small black dot on her forehead. Her whole look is very beautiful. Sharing these pictures on Instagram, Rubina wrote in the caption, 'There is something special about sarees, which you absolutely cannot ignore. Husband Abhinav Shukla gave such a response- This picture of Rubina Dilaik is being liked by her fans. But the one who liked this picture the most is her husband Abhinav Shukla. Commenting on these beautiful pictures of Rubina Dilaik, Abhinav Shukla posted an emoji with an I heart. Apart from him, a user commented and wrote, 'You look very beautiful in a saree'. Another user wrote, 'You look so cute'. Another user commented while writing the lyrics of the song for Rubina, 'Meri Jaan, Meri Jaan'. So far more than 1 lakh 24 thousand likes have been received on this post of Rubina Dilaik. The boss lady of the small screen – Rubina Dilaik is very much liked by the fans. She is also called the Boss Lady of the small screen. Rubina Dilaik started her career in the year 2008 with the show 'Choti Bahu'. She had managed to win the hearts of the audience from her very first show. After this show, he worked in many shows, although he did not get the success he had before. After this Rubina played a challenging role of a transgender in the show 'Shakti-Astitva Ke Ehsaas Ki', she was well-liked in this show. After being a part of many TV shows and reality shows, now Rubina Dilaik is all set to make her Bollywood debut with the film 'Argh'.





# Sonam Kapoor is going to be a mother

Mumbai- Film actress Sonam Kapoor is about to become a mother. She will soon give birth to her first child. She has announced her pregnancy with her husband Anand Ahuja by sharing pictures on social media. After the announcement of this good news of Sonam, Bollywood celebs are also expressing happiness and congratulating the couple. Sonam has done a pregnancy photoshoot with her husband. The pictures of this photoshoot have been shared by the couple on social media. In the pictures, Sonam is seen lying on Anand's lap in a black dress.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# टूटे हुए दो परिवारों को फिर से मिलाकर एक किया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र-जनपद एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाने में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज टूटे हुए दो परिवारों को फिर से मिलाकर एक किया गया। मामला रिंकी पुत्री सुनील कुमार जिनकी शादी श्याममवीर सिंह पुत्र महेंद्रपाल निवासी सबलपुर थाना सकीट जिला एटा तथा नीलम पुत्री विशन पाल निवासी गदरगंज थाना निधौली कलां एटा का है जिसकी शादी सुशील पुत्र चंद्रपाल निवासी पैंडत थाना एका जनपद फिरोजाबाद के साथ हुई थी। दोनों में छोटी मोटी बातों को लेकर आपसी विवाद चल रहा था,

जिसके चलते रिंकी तथा नीलम अपने मायके में पिता के घर रह रही थीं, आज दोनों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया, आज की बैठक में काउन्सलर संजीव तिवारी, सचेन्द्र गुप्ता ,अनिल कुलश्रेष्ठ ,सीमा मलोत्रा तथा साथ हैड कांस्टेबल मीना, हैड कांस्टेबल मंजू, कांस्टेबल रजनी बर्मा, प्रेमकांति ,धरमवीर सिंह व परिवार परामर्श केंद्र स्टाफ उपस्थित रहा?।

# प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह की कानून मंत्री को खुली चेतावनी अभद्रता का बदला लिया जाएगा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भाकियू भानू गुट के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह का ऐलान एसपी सिंह बघेल मंत्री जी का आना जलेसर में वर्जित। जलेसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सांसद और केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री एसपी बघेल को भाकियू भानू के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप ने नसीहत दी है। भाकियू भानू के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि कल सुबह 11 बजे उपजिला अधिकारी जलेसर और क्षेत्राधिकारी पुलिस इरफान नासिर खान को एसपी बघेल के विरोध में एक ज्ञापन दिया जाएगा। प्रशासन को अवगत कराया जाएगा कि कानून मंत्री एसपी बघेल अगर जलेसर क्षेत्र में आते है तो उनसे आर-पार की लडाई लडी जाएगीं इसलिए प्रशासन को ज्ञापन देना बहुत जरूरी है क्योकि जब लडाई लडते है तो पहले से ऐलान करके



लडते है।आपको जानकरी के लिए बता दे कि विधानसभा चुनाव के दौरान गांव नगला सुखदेव में ठाकुर समुदाय और बघेल समुदाय में आलू के खेत में झटका मशीन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। जिसमें बघेल समुदाय पर ठाकुर समुदाय के लोगों ने झटका मशीन चोरी करने का आरोप लगाया था जिसमें केन्द्रीय कानून मंत्री एसपी बघेल चोरों की मदद करने लगें उसी वक्त भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने पुलिस प्रशासन पर फोन कर आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## आज फिर मारपीट कर भगाया गया सपा के विधान परिषद सदस्य उम्मीदवारों को



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में एमएलसी चुनाव मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र के तहत नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया के दौरान मंगलवार को कलक्ट्रेट में फिर बवाल हो गया। आरोप है कि कलक्ट्रेट पहुंचे सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह और राकेश यादव को वहां पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेर लिया और उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान सपा प्रत्याशियों के कपड़े भी फट गए। उनकी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई है।

# अमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अभियान चलाया

सुमित गुप्ता

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत अमरिया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। टीकाकरण कराने के लिए स्कूलों और विद्यालयों में भी छात्रों को जागरूक किया जा रहा है।अमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण कराएं। अमरिया स्वास्थ्य केंद्र पर आज 20 बच्चों को टीका लगाया गया है। 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगवाने के लिए ज्यादा से ज्यादा उत्साहित भी किया जा रहा है। कोविड के चलते शिक्षा व्यवस्था भी पूरी तरीके से पटरी से उतर गई थी। जिसको लेकर सरकारी आदेश आने के बाद 12 से 14 वर्ष तक के बालकों को टीका लगाने का अभियान शुरू हो चुका है। जिसमें 12 से 14 वर्ष के बच्चे भी उत्साहित होकर अमरिया स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी गांवों में काम कर रही आशा बहुओं घर घर जाकर बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए उत्साहित कर रही हैं। अमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ0 लोकेश कुमार ने बताया टीकाकरण के लिए स्कूलों



और विद्यालयों में भी शिविर कैंप लगाए जाएंगे। जिससे अधिक से अधिक 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया जा सके। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगातार बच्चों को कोविड टीका करण के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। आज 20 बच्चों का टीकाकरण किया गया है। स्कूलों के प्रधानाचार्यो से भी कहा गया है कि छात्रों को ज्यादा से ज्यादा सीएचसी भेजें टीकाकरण कराएं

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |

## स पा ने एटा की घटना को लेकर सपा ने EC में शिकायत दर्ज कराई

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पहुंचा निर्वाचन आयोग, राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन, एटा की घटना को लेकर सपा ने EC में शिकायत दर्ज कराई, पर्चा छीनने,नामांकन न कर देने की शिकायत दर्ज कराई, रूष्ट चुनाव की तारीखों को 2 दिन बढ़ाने की भी मांग,मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सपा को आश्वासन दिया

## टेम्पो और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की हुई दर्दनाक मौत,महिला समेत 3 लोग घायल

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मलावन थाना के हा। 34 पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने एक युवक की मौत,3 लोग घायल, टेम्पो और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की हुई दर्दनाक मौत,महिला समेत 3 लोग घायल, पुलिस ने घायलों को कराया जिला अस्पताल मे भर्ती, मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## स्कूटनी के लिए पहुंचे सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह धाकरे की मारपीट का साथ कपड़े भी फाड़े,

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कलेक्ट्रेट पर नामांकन स्थल पर सपा प्रत्याशियों के साथ अभद्रता करते हुए की मारपीट, 11 बजे के बाद नामांकन स्थल पर पहुंचे सपा प्रत्याशी , सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर लगाये गंभीर आरोप, सपा प्रत्याशी ने पुलिस पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का लगाया आरोप, पुलिस के सामने सपा प्रत्याशियों की मारपीट, सपा प्रत्याशियों की गाड़ियों के शीशे तोड़े, सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह ने भाजपाइयों के कार्यकर्ताओं पर लगाये गंभीर आरोप

# भाजपा का कामकाजी बैठक संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दतिमा मोड़- भारतीय जनता पार्टी भटगांव मंडल का कामकाजी बैठक भटगांव हनुमान मंदिर मे रखा गया।

जिसमे मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी पोलींग बुथ मे समयदायनी प्रवास होना जिसमें एक शक्ति केंद्र प्रभारी, सोशल मिडिया प्रभारी, शक्ति केंद्र मे जाकर हर पोलींग के कार्यक्रताओ का समीक्षा व बैठक मे आजीवन सहयोग निधी संग्रहण को लेकर चर्चा किया जावेगा। बैठक मे उपस्थित प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, मंडल प्रभारी अमलेश सिंह, सह प्रभारी अशोक अग्रवाल ,जिला मंत्री अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, महामंत्री रमेश गुप्ता, आशीष बाजपेयी, सूरजन राजवाड़े, पि.अध्यक्ष, राजेश सोनी, युवा मोर्चा राजु जायसवाल, हिरा सिंह, जगरेलाल यादव,

आदिवासी उपाध्यक्ष प्रदीप पैकरा, दिनेश सिंह, ठाकुर राजवाड़े, हरि राजवाड़े, कन्हैया गुप्ता, विजय ,शैलेन्द्र, उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल, राजेंद्र राजवाड़े, विरेन्द्र गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता द्वारा किया गया।

# पोलिंग बूथों पर भाजपा को मजबूत स्थिति में खड़ा करें

## पोलिंग बूथों पर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी - भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन व जिला संगठन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी के अवसर पर 11 अप्रैल से 20 अप्रैल जिसके अंतर्गत भाजपा मंडल ओड़गी मैं शक्ति केंद्र विस्तार योजना के संबंध में बैठक सामुदायिक भवन इंदरपुर में आयोजित की गई इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी के द्वारा कार्यकर्ताओं को बताया कि वर्तमान में चुनाव हुए 5 राज्य में जिसमें से भाजपा चार राज्यों में इतिहासिक मतों से विजय प्राप्त की है इसका श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को ही जाता है छत्तीसगढ़ में भी चुनाव की सिलसिला प्रारंभ हो चुकी है हम समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने प्रत्येक पोलिंग बूथ पर भाजपा को मजबूती के साथ खड़ा करते हुए



पोलिंग बूथ जिताना है इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रितेश गुप्ता मंडल प्रभारी रामू गोस्वामी भी उपस्थित रहे श्री गुप्ता के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की पार्टी को मजबूती के साथ खड़ी करनी है और यह तभी होगा जब हम सभी एकजुटता के साथ काम करेंगे ओड़गी भाजपा मंडल सक्रिय रुप से काम कर रही है इस मजबूती को हम सभी को बना के रखना है और विधानसभा में इसका परिणाम को दिखाना है इस मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण गुर्जर, संतोष सिंह, प्रदीप द्विवेदी, अशोक गुप्ता, आशीष प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि मोहन राजवाड़े, नधिर पैकरा, दुर्गा गुप्ता, विजय गुर्जर, धनसाय, नागेंद्र मिश्रा, देव गुप्ता, विनीता यादव, बेबी चेरवा, सुधीर चौबे, केशव प्रसाद सिंह, सोहन कुबेर, राजेश पैकरा, संधारी राम यादव, मुन्नीलाल पैकरा, देव कुमार सोनी, अरुण सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर, प्रियांशु यादव एवं काफी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा हेतु पर्यवेक्षक एवं रिजर्व दल नियुक्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-छ.ग. राज्य ओपन स्कूल द्वारा जिला में संचालित हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल मुख्य परीक्षा अप्रैल-मई 2022 की परीक्षायें 01 अप्रैल 2022 से 02 मई 2022 तक आयोजित की जाएगी। निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने परीक्षाओं को सुव्यवस्थित संचालित करने नकल की प्रवृत्ति को रोकने तथा प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने हेतु आपको परीक्षा समय सारणी के अनुसार संबंधित परीक्षा केन्द्र में पूरे समय उपस्थित रहकर व्यवस्थित ढंग से परीक्षा संचालन हेतु नाम के सम्मुख परीक्षा केन्द्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता है। श्री झोलसाय प्रधान पाठक मा.शाला बड़कापारा को शा.उ.मा.वि. सूरजपुर, श्री रामानन्द यादव प्रधान पाठक शा.मा. बैजनाथपुर को शा.उ.मा.वि. ओड़गी, श्री शैलेश तिवारी, प्रधान पाठक मा.शा. को कुसमुसी को शा.उ.मा.वि. भैयाथान, श्री राजेन्द्र बघेल प्रधान पाठक प्रा.शा. कौशलपुर को शा.उ.मा.वि. रामानुजनगर, शा.उ.मा. वि. प्रेमनगर, श्री आर. एस. पार्ते को उ.व.शि. मा.शा .प्रेमनगर, श्री लालमन यादव प्रधान पाठक, मा.शा.क. प्रतापपुर को शा.उ.मा.वि. प्रतापपुर, श्री हर्षनरायण शर्मा मा.शा. जयनगर को शा.उ.मा.वि. विश्रामपुर, श्री गोवर्धन सिंह प्रधान पाठक मा.शा. मदनेश्वरपुर को शा.आ.जा.क. उ.मा.वि. रामानुजनगर, श्री रामस्वरूप यादव प्रधान पाठक मा.शा. पतसपाली को शा.आ.जा.क .उ.मा.वि. तिवरागुड़ी, श्री पीलू राम सिंह प्रधान पाठक मा.शा.बा. आश्रम प्रेमनगर को शा.क.उ.मा.वि. प्रेमनगर, श्री गुलाबचंद साहू उ.प. शिक्षक मा.शा.बा. सूरजपुर को शास.क.उ.मा.वि. सूरजपुर, श्री भैयालाल केहरी प्रधान पाठक मा. शा. धरमपुर को शास.क.उ.मा. वि. प्रतापपुर, श्री जसवंत श्रीवास्तव उ.व. शिक्षक मा.शा हर्रापारा भैयाथान को शास.क.उ.मा.वि., श्री शिवबचन सिंह कार्ले प्रधान पाठक मा.शा. दवना शा. कन्या उ.मा.वि.दवना का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही रिजर्व दल में मो. शब्बीर प्रधान पाठक मा.शाला बड़सरापारा सूरजपुर, श्री जयकरण सिंह प्रधान पाठक पू.मा.शा मकरबंधा रामानुजनगर, श्री शिवबालक सिंह प्रधान पाठक मा.शा.बा. प्रतापपुर, श्री बाबूलाल साहू प्रधान पाठक मा.शा.पोडी रामानुजनगर, श्री राधिका प्रसाद गुप्ता, प्रधान पा. प्रा. शाला पंक्षीडांड प्रतापपुर, श्री अरूण कुमार कौशिक प्रधान पाठक मा. शा. खोपा भैयाथान, श्री शिव कुमार कुशवाहा उ.व. शिक्षक मा.शा. मोहली भैयाथान, श्री अनिल कुमार चौबे प्रधान पाठक मा.शा. माडर ओड़गी, श्री राणा प्रसाद गुप्ता, प्रधान पाठक मा. शा. रामपुर ओड़गी, श्री रामयस शर्मा, प्रधान पाठक क.मा.शा. विश्रामपुर के नाम शामिल है।

# ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर जाति के त्रुटियों को निराकरण कर जाति प्रमाण पत्र समय अवधि में बनाने के निर्देश दिए

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के सूरजपुर , भैयाथन, प्रतापपुर अनुभाग क्षेत्र के पटवारियों एवं आरआई के कार्यों की बेहतर प्रगति के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री प्रकाश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल,तहसीलदार रिचा सिंह, श्री नीरज तिवारी, मोहम्मद इसराइल, श्री सालिक राम, श्रीमती अमृता सिंह,श्रीमती माधुरी अचला, श्री प्रतीक जयसवाल, श्री तेजू यादव, श्री राधेश्याम तिर्की, श्री अमित केरकेट्टा, श्री ओपी सिंह, श्रीमति अंकिता तिवारी, श्रीमती ऋतुराज उपस्थित थे। उन्होंने पटवारी वार कार्यों की समीक्षा कर किसान पुस्तिका, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख शुद्धता, आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर, जेंडर, डिजिटल सिगनेचर के सत्यापन संबंधी कार्यों को सत प्रतिशत पूर्ण कर प्रविष्टि करने के निर्देंश दिए। उन्होंने सभी लंबित कार्य में प्रगति लाते हुए विधि अनुसार समय अवधि में निराकरण करने निर्देंशित किया । उन्होंने बच्चों को सही समय में जाति प्रमाण पत्र बन सके इसके लिए शासन की मंशा अनुसार जातियों में किसी भी कारण से जो भी त्रुटियां सामने आ रही है उन्हें ग्राम सभा में सरपंच,



सचिव से प्रस्ताव पारित कर समस्याओं का निराकरण कर समय अवधि में जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए तथा फौत्ती प्रकरण के बेहतर अद्यतन के लिए बी वन का पाठन अनिवार्य रूप से गांव में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गांव के लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए पंचायत भवनों या पटवारी भवन में नियमित उपस्थित होकर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं साथ ही सभी गांव वालों को गांव में उपस्थित रहने का समय भी जानकारी देने पटवारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण सभी पटवारी हल्का वार कैम्प लगाकर निराकरण करने के निर्देंश दिए तथा किसी कारण से जाति में त्रुटियां हैं उन्हें ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर निराकरण करने के निर्देंश दिए हैं ।उन्होंने निराकृत समस्त प्रकरणों को प्रविष्टि करने, अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देंश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन, जनसंवाद, जन चौपाल, पीएम पोर्टल सहित अन्य प्रकरणों की आवेदनों का भी समयावधि में निराकरण करने सख्त निर्देंश दिए हैं तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करने की हिदायत दी है। कलेक्टर डॉ सिंह ने उपस्थित सभी पटवारियों को गांव के प्रत्येक गतिविधियों की जानकारी रखने निर्देंश दिए हैं तथा गांव में पेयजल की समस्या, बिजली समस्या, स्वास्थ्य, शिक्षा,पेंशन, राशन कार्ड, हैंड पंप, अवैध खनन एवं अन्य विषयों पर भी अद्यतन जानकारी रखने के निर्देंश दिए है जिससे समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com